प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. ईडी ने झारखंड में बांग्लादेशी–रोहिंग्या घुसपैठ मामले की जांच शुरू की, उच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकार को 19 सितंबर तक उच्च स्तरीय समिति बनाने के लिए नाम तय करने का दिया निर्देश।
2. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने अधिकारों के हनन मामले में पलामू के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और वन प्रमंडल पदाधिकारी को जारी किया समन, 20 सितंबर तक मांगा जवाब।
3. मैथन डैम से दो लाख क्यूसेक पानी पश्चिम बंगाल में छोड़े जाने पर वर्द्धमान में बाढ़ की स्थिति, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड के मुख्यमंत्री से पानी नहीं छोड़ने का किया अनुरोध।
4. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 सितंबर को गिरिडीह में आयोजित परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में होंगे शामिल। और
5. फिजी में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में झारखंड के बाबूलाल हेंब्रम ने जीता गोल्ड, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी बधाई।

समाचार विस्तार से

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने झारखंड में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ मामले की जांच शुरू कर दी है। इसके तहत ईडी ने रांची के बरियातू थाने में छह जून को पुलिस शिकायत के आधार पर ईसीआईआर दर्ज की है। गौरतलब हो कि जून में एक रिसॉर्ट में संदिग्ध बांग्लादेशी मूल की तीन लड़कियों को हिरासत में लिये जाने के बाद मामला दर्ज किया गया था।

इधर झारखंड उच्च न्यायालय में बांग्लादेशी घुसपैठ मामले को लेकर 19 सितंबर तक उच्च स्तरीय समिति के लिए नाम तय करने का निर्देश केंद्र और राज्य सरकार को दिया है। कोर्ट के आदेश पर केंद्र समिति बनाने के लिए तैयार है जबकि जबकि राज्य सरकार इस मामले में पहले बातचीत करेगी। राज्य सरकार ने अदालत में पहली बार माना है कि साहिबगंज जिले में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले सामने आए हैं। मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को होगी।

******************

विधायक सरयू राय ने कहा है कि दूसरे राज्यों की तरह झारखंड में भी काफी काम हो रहा है। श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो आह्वान किया है, उस पर हमसबको ध्यान देने की जरूरत है। वे कल जमशेदपुर में विश्वकर्मा पूजा में आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। वहीं डेमोग्राफी चेंज मामले पर उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पर निशाना साधा।

*************

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने आयोग के अधिकारों का हनन मामले में पलामू जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और वन प्रमंडल पदाधिकारी को समन जारी किया है। आयोग ने तीनों पदाधिकारियों को 20 सितंबर तक जवाब देने का निर्देश दिया है। गौरतलब हो कि आदिवासियों के विकास कार्यों के सिलसिले में मेदिनीनगर में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने बैठक रखी थी, लेकिन इस बैठक में पलामू के उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन और वन प्रमंडल पदाधिकारी शामिल नहीं हुए थे।

******************

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड के डैमों से बंगाल में पानी नहीं छोड़ने का अनुरोध किया है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि लगातार बारिश के कारण मैथन डैम का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया है। जिसके बाद मैथन डैम के 10 गेट खोल दिये गए हैं।

उधर बराकर नदी भी उफान पर है। बंगाल की सीमा से सटे चिरकुंडा में पुल का निर्माण कर रही कंपनी के कई सामान पानी की तेज बहाव में बह गए।

******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 20 सितंबर को गिरिडीह आयेंगे। श्री शाह यहां परिवर्तन यात्रा रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दूबे, विधायक केदार हाजरा और भाजपा कार्य समिति के सदस्य सुरेश साव ने कहा कि जमुआ प्रखंड के झारखंडी धाम में होने वाले परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश है।

******************

खूंटी में भाजपा की परिवर्तन यात्रा अब 23 सितंबर को होगी। पहले यह 22 सितंबर का होने वाली थी। यह जानकारी राज्यसभा सांसद और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने दी। सांसद ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा झारखंड में सत्ता परिवर्तन यात्रा है।

******************

रांची जिले के मुरी स्टेशन के पास एक मालगाड़ी के दो इंजन बेपटरी हो गए। एक इंजन पटरी से उतर गया जबकि दूसरा पलट गया। यह घटना मुरी स्टेशन से लगभग 10 किलोमीटर दूर हुई। सूचना पर मुरी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कर दिया गया।

******************

गढ़वा जिले में लगातार बारिश से दो अलग—अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। कच्चा मकान ढहने से मलबे में दबकर एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गयी, वहीं एक युवक सरस्वती नदी बह गया। वहीं लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बसिया गांव स्थित एक नाले में बह जाने से एक तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी।

******************

खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड की हुसीर पंचायत के मेंगो टोली में एक जंगली हाथी ने 73 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। वन विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को तत्काल बीस हजार रुपये की सहायता राशि दी। तोरपा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुदीप गुड़िया ने वन विभाग से हाथियों के आतंक से ग्रामीणों सुरक्षा देने की मांग की।

******************

पाकुड़ जिले में पुलिस—प्रशासन के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में शिकायतों के निवारण के साथ—साथ पब्लिक—पुलिस के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

******************

झारखंड के बाबूलाल हेंब्रम ने फिजी में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 49 किलोग्राम वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबूलाल हेंब्रम को बधाई दी है।

*******************

अखबारों के वेबसाईट की खबरों की सुर्खियां

झारखंड में विभिन्न अखबारों की वेबसाइटों में आतिशी के दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा को प्रमुखता दी है।

हिंदुस्तान अखबार ने लिखा है– आतिशी होंगी दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री।
प्रभात खबर ने अपनी वेबसाइट पर लिखा है– अरविंद केजरीवाल ने दिया इस्तीफा, दिल्ली में अब होगा आतिशी राज।
भारत के पांचवीं बार एशियन चैंपियनश्पि हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की खबर को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता दी है।
दैनिक जागरण ने सरायकेला में भारी बारिश के बाद नहर में उफान और घरों में पानी घुसने और मकानों के क्षतिग्रस्त होने की खबर को प्रकाशित किया है।
अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के आज पहले चरण के मतदान की खबर को प्रमुखता दी है।

******समाप्त***********